New Syllabus

**09H(A)**

# HINDI

*(Second language)*

**Parts A and B**

**Time : 3.15 Hours]** **[Maximum Marks : 80**

## Part-A

**Time : 2.30 Hours** **Marks : 60**

***Instructions :***

*(i)* Read the following question paper and understand every question thoroughly without writing anything. 15 minutes time is allotted for this.

*(ii)* Answer ***all*** the questions as directed.

*(iii)* **Part-A** questions are to be written in the separate answer booklet.

*(iv)* Write the answers to the questions under **Part-B** on the Question paper itself.

**I.** (अ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिये। **5×1=5**

मंडेला के नाम से विश्व भर में प्रख्यात शांतिदूत का पूरा नाम नेल्सन रोलिह्लह्ला मंडेला था। उनका जन्म 18 जुलाई, 1918 को दक्षिण अफ्रीका में हुआ। वे दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति थे। राष्ट्रपति बनने से पूर्व वे दक्षिण अफ्रीका में सदियों से चल रहे रंगभेद का विरोध करने वाले अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस और उसके सशस्त्र गुट ''उमखोतों वे सिजवे'' के अध्यक्ष रहे। रंगभेद विरोधी संघर्ष के कारण उन्होंने 27 वर्ष रॉबेन द्वीप के कारागार में बिताया। उन्हें कोयला खनिक का काम करना पड़ा था। सन् 1990 में श्वेत सरकार से हुए एक समझौते के बाद उन्होंने नये दक्षिण अफ्रीका का निर्माण किया।

प्रश्न :

1. मंडेला का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
2. ''उमखोतों वे सिजवे'' क्या था?
3. मंडेला 27 वर्ष कारागार में क्यों रहे?
4. सन् 1990 में श्वेत सरकार से हुए समझौते के बाद मंडेला ने क्या किया?
5. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(आ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **5×1=5**

उस ज़माने में न तो मकान थे और न कोई दूसरी इमारत थी। लोग गुफाओं में रहते थे। खेती करना किसी को न आता था। लोग जंगली फल वग़ैरा खाते थे, या जानवरों का शिकार करके मांस खाकर रहते थे। रोटी और भात उन्हें कहाँ मयस्सर होता, क्योंकि उन्हें खेती करनी आती ही न थी। वे पकाना भी नहीं जानते थे, हाँ शायद मांस को आग में गर्म कर लेते हों। उनके पास पकाने के बर्तन जैसे कढ़ाई और पतीली भी न थे।

एक बात बड़ी अजीब है। इन जंगली आदमियों को तसवीर खींचना आता था। यह सत्य है कि उनके पास कागज़, क़लम, पेंसिल या ब्रश न थे। उनके पास सिर्फ पत्थर की सुइयाँ और नोकदार औज़ार थे।

**प्रश्न :**

**6.** इस गद्यांश में किस प्रकार के लोगों की जानकारी है?

**7.** वे क्या खाते थे?

**8.** रोटी और भात उन्हें क्यों मयस्सर न था?

**9.** वे मांस कैसे खाते थे?

**10.** वे तसवीर कैसे बनाते थे?

(इ) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **5×1=5**

झम-झम-झम-झम मेघ बरसते हैं सावन के,
छम-छम-छम गिरती बूँदें तरुओं से छन के।
चम चम बिजली चमक रही रे उर में घन के,
थम-थम दिन के तम में सपने जगते मन के॥

दादुर टर-टर करते झिल्ली बजती झन-झन,
'म्यव-म्यव' रे मोर 'पीउ' 'पीउ' चातक के गण।
उड़ते सोनबालक, आर्द-सुख से कर क्रंदन,
घुमड़-घुमड़ गिर मेघ गगन में भरते गर्जन॥

**प्रश्न :**

**11.** यह पद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

**12.** वर्षा की बूँदें कैसे गिरती हैं?

**13.** बिजली कहाँ चमक रही है?

**14.** दादुर, मोर और चातक की आवाज़ें कैसी हैं?

**15.** सोनबालक क्या करते हैं?

(ई) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5×1=5

सिंहासन हिल उठे राजवंशों ने भृकुटी तानी थी,
बूढ़े भारत में भी आई फिर से नयी जवानी थी,
गुमी हुई आज़ादी की कीमत सबने पहचानी थी,
दूर फिरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी।
चमक उठी सन् सत्तावन में, वह तलवार पुरानी थी,
बुंदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी,
खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी॥
क़ानपूर के नाना की मुँहबोली बहन छबीली थी,
लक्ष्मीबाई नाम, पिता की वह संतान अकेली थी,
नाना के संग पढ़ती थी वह, नाना के संग खेली थी,
बरछी, ढाल, कृपाण, कटारी उसकी यही सहेली थी।

प्रश्न :

16. कविता की ये पंक्तियाँ भारत के किस समय के वातावरण को दर्शाती हैं?
17. कवयित्री को लक्ष्मीबाई की कहानी किसने सुनाई?
18. लक्ष्मीबाई किसकी मुँहबोली बहन थी?
19. लक्ष्मीबाई किन चीज़ों से खेलती थीं?
20. वह किसके साथ पढ़ती और खेलती थी?

**II.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में लिखिये। 4×4=16

21. 'माँ मुझे आने दे' कविता के आधार पर बताइए कि बेटी माँ को क्या-क्या सुख पहुँचाती है?
22. रैदास का संक्षिप्त परिचय लिखिए।
23. विष्णु प्रभाकर की एकांकी का शीर्षक 'स्वराज्य की नींव' क्यों रखा गया होगा?
24. बाल मजदूरी की समस्या की समाप्ति के लिए ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के सुझावों पर अपने विचार लिखिए।

**III.** निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिये। 1×7=7

25. परिश्रम करने वाले व्यक्ति को प्रकृति से पहले सुख पाने का अधिकार क्यों मिलना चाहिए?
26. कवि रहीम के दोहों का संदेश अपने शब्दों में लिखिए।

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिये। **1×7=7**

**27.** ईदगाह के मेले को दृष्टि में रखकर बताइए कि हामिद अपने साथियों से किस तरह अलग स्वभाव का लड़का है?

**28.** जल की समस्या को समाप्त करने में छात्र क्या सहयोग दे सकते हैं?

**V.** ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिये। **2×5=10**

**29.** 'इंटरनेट से लाभ अथवा हानि' विषय पर एक निबंध लिखिए।

**30.** अपने स्कूल में मनाये गये किसी राष्ट्रीय पर्व का वर्णन करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

**31.** यातायात के नियमों का परिचय देते हुए एक पोस्टर तैयार कीजिए।